## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.05.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इटली दौरे पर भारतीय संस्कृति प्रेम और वाराणसी पर चित्रकला बनाने वाले कलाकार की प्रशंसा की।

2. सर्वोच्च न्यायालय ने जाति आधारित जनगणना को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर केन्द्र सरकार के फैसलों को नीतिगत अधिकार बताया।

3. भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती वर्ष पर चौबीस मई को लाल किला मैदान में होगा जनजाति सांस्कृतिक समागम।

4. कला एवं संस्कृति विभाग और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के सहयोग से जून में एक महीने की रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। ।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इटली के प्रसिद्ध चित्रकार जियाम्पावलो टोमासेट्टी की भारतीय संस्कृति पर किए गए कार्यों की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा है कि कलाकार ने इटली के रोम दौरे में वाराणसी पर बनी अपनी विशेष पेंटिंग प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री टोमासेट्टी का भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम चार दशकों से अधिक पुराना है। एक अन्य पोस्ट में, श्री मोदी ने भारतीय नृत्य शैलियों के प्रति पांच इतालवी कलाकारों के प्रेम की भी प्रशंसा की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रोम में इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेला के साथ प्रतिनिधिमंडल–स्तर की वार्ता की। इस बातचीत का उददेश्य प्रमुख क्षेत्रों में दोनों देशों के संबंधों को और मज़बूत करना है। बैठक में व्यापार, निवेश, टेक्नोलॉजी, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और रणनीतिक साझेदारियों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष ज़ोर दिया गया।दोनों नेताओं ने आपसी हित से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। यह बातचीत भारत और इटली के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को दर्शाती है, जिसमें आर्थिक सहयोग और लोगों के बीच संबंधों को विस्तार देने पर विशेष बल दिया गया।श्री मोदी ने भारत और यूरोप के बीच संबंधों को और मज़बूत बनाने में इटली के सहयोग की सराहना की। उन्होंने उभरती टेक्नोलॉजी, विनिर्माण तथा सतत विकास के क्षेत्रों में परस्पर सहयोग के महत्व को रेखांकित

किया।दोनों नेताओं ने वैश्विक चुनौतियों और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने के साथ—साथ अपने कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

<><><><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने जनगणना 2027 के तहत जाति आधारित जनगणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को आज खारिज कर दी। अदालत ने कहा है कि यह मुद्दा सरकार के नीतिगत अधिकार क्षेत्र में आता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा है कि पिछड़े वर्गों के कल्याणकारी उपाय तैयार करने के लिए सरकार को उनकी संख्या जानना जरूरी है। पीठ ने कहा कि इस तरह के आंकड़े एकत्र करने में कोई बुराई नहीं है और मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

<><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत अनुबंध के आधार पर सागर मित्र की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन पत्र प्रशासन की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 मई है। अधिक जानकारी के लिए, जोनल मत्स्य कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><><>

जनजाति सांस्कृतिक समागम के अवसर पर 24 मई को महान जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में नई दिल्ली के लाल किला मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस समागम में देशभर के 500 से अधिक जनजातियों के डेढ़ लाख प्रतिभागियों के उपस्थित होने की संभावना है। इस अवसर पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो पांच विभिन्न स्थलों से प्रारंभ होकर जनजातिय परंपराओं का प्रतिनिधित्व करेगी। ये यात्रा लाल किले पर सम्पन्न होंगी, जहाँ गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग, द्वीपों के युवाओं और आम जनता के बीच थिएटर को बढ़ावा देने के अपने निरंतर प्रयास के तहत, जून में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से एक महीने तक चलने वाली थिएटर कार्यशाला का आयोजन करेगा। इस कार्यशाला का उद्देश्य रचनात्मकता को प्रेरित करना, अनुशासन की भावना जगाना और प्रदर्शन कलाओं के प्रति सराहना विकसित करना है, जिससे द्वीपों की

सांस्कृतिक पहचान और मजबूत हो सके। इस संबंध में द्वीपों के निवासियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कार्यशाला में केवल 30 व्यक्तियों को ही शामिल किया जाएगा और चयन एक चयन समिति द्वारा किया जाएगा। आवेदकों की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह न केवल कलात्मक कौशल को निखारेगा, बल्कि प्रतिभागियों के बीच आत्मविश्वास, टीम भावना और सांस्कृतिक जागरूकता को भी बढ़ावा देगा। अधिक जानकारी सेल्युलर जेल परिसर स्थित कला एवं संस्कृति विभाग, से प्राप्त की जा सकती है।

<><><><><><><>

खादी और ग्रामोद्योग आयोग– के.वी.आई.सी ने विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर देशभर में वर्चुअल कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस दौरान के वी आई सी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि मधुमक्खियां पर्यावरण संरक्षण, कृषि उत्पादकता और जैव विविधता की महत्वपूर्ण संरक्षक हैं। उन्होंने बताया कि के वी आई सी ने वर्ष 2017 में शुरू किए गए 'हनी मिशन'के अंतर्गत वर्ष 2025–26 तक देशभर में 2 लाख छियालीस हजार से अधिक मधुमक्खी बक्सों और मधुमक्खी कालोनियों का वितरण किया है। श्री कुमार ने जानकारी दी कि वर्ष 2025–26 में के वी आई सी से जुड़े मधुमक्खी पालकों द्वारा लगभग इक्कतीस करोड़ रुपये मूल्य के शहद का निर्यात किया गया। भारतीय शहद अमरीका, कनाडा, संयुक्तअरब अमीरात, सऊदी अरब, सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों तक पहुंच रहा है।

<><><><><><><>

पुलिस विभाग में विभिन्न ग्रुप 'B' अराजपत्रित और ग्रुप 'C' पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर छब्बीस मई की मध्यरात्रि तक कर दी गई है। पात्रता की शर्तें और अन्य निर्देश, संदर्भ के लिए उपलब्ध पूर्ण भर्ती सूचना में विस्तार से दिए गए हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन आवेदन में सुधार के लिए अठाईस मई की मध्यरात्रि तक किए जा सकते है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार भर्ती प्रकोष्ठ पुलिस मुख्यालय से सभी कार्य दिवसों में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम 5 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम् द्वारा बाइस मई को शाम साढ़े पांच बजे से हैलो डॉक्टर लाइव फोन इन कार्यक्रम में डेंगू लक्षण और उपचार विषय पर कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम

में डॉ. बी अजीत कुमार स्टूडियो में विशेषज्ञ के रूप से उपस्थित रहेंगे। दर्शक इस लाइव फोन–इन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए फोन नंबर 245–662 और 244–745 पर कॉल कर सकते हैं।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान प्रातरापुर में कल और 23 मई को सुबह पांच बजे से दोपहर एक बजे तक स्मॉल आर्म्स रेंज में फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। आम जनता, विशेष रूप से बर्ड लाइन और प्रातरापुर क्षेत्र के लोगों से फायरिंग के दिनों में, स्वयं को और अपने पालतू जानवरों को फायरिंग रेंज से दूर रखने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>